यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न वर्गों के ग्राहकों के लिए नई बचत और चालू खाता योजनाओं की शुरुआत

मुंबई, 19 जून,2023:
समावेशिता और विविधता के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता के साथ, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने नीचे दी गई चार नई कासा योजनाओं की शुरुआत की है:

यूनियन उन्नति: महिला उद्यमियों और पेशेवरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए महिलाओं के लिए चालू खाता की शुरुआत की गई है.

योजना की मुख्य विशेषताएं हैं:

- नि:शुल्क कैंसर केयर कवरेज (स्तन, ओवेरियन, सर्वाइकल)
- नि:शुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना कवर और हवाई दुर्घटना कवर
- एमएसई ऋण पर ब्याज दर में रियायत
- खुदरा ऋण प्रसंस्करण शुल्क में रियायत
- न्यूनतम सेवा शुल्क

यूनियन समृद्धि: यह खाता योजना विशेष रूप से महिलाओं को उनकी बचत और वित्त का प्रबंधन करने के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने के लिए तैयार की गई है.

योजना की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- नि:शुल्क कैंसर केयर कवरेज (स्तन, ओवेरियन, सर्वाइकल)
- नि:शुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना कवर और हवाई दुर्घटना कवर
- खुदरा ऋण प्रसंस्करण शुल्क में रियायत
- पूर्व - अनुमोदित पर्सनल ऋण पर ब्याज दर में रियायत
- न्यूनतम सेवा शुल्क

यूनियन सम्मान : पेंशनभोगियों के लिए बचत खाता.

योजना की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- प्रति वर्ष 12 + 1 बार नि:शुल्क डोर-स्टेप बैंकिंग (सुविधा चुनिंदा स्थानों पर उपलब्ध)
- नि:शुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना कवर और हवाई दुर्घटना कवर
- यूनियन कैश लोन पर ब्याज दर और प्रसंस्करण शुल्क में रियायत.
- नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

यूनियन एसबीसीएचएस: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सामुदायिक भावना और किफायती आवास समाधानों को बढ़ावा देने में सहकारी आवास समितियों के महत्व को समझता है.

योजना की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- सौर लाइट/संयंत्र, जेनसेट, लिफ्ट और सामाजिक उपयोग हेतु अन्य मशीनरी की खरीद के लिए ऋण पर प्रसंस्करण शुल्क में रियायत.
- सोसायटी के प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों को आवास और वाहन ऋण पर ब्याज दर और प्रसंस्करण शुल्क में रियायत.
- सोसायटी/फ्लैट मालिकों को होम, व्हीकल और एजुकेशन लोन पर प्रसंस्करण शुल्क में रियायत.

एक विश्वसनीय वित्तीय भागीदार के रूप में, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विशिष्ट ग्राहक सेवा, नवीन उत्पाद और वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो हमारे मूल्यवान ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है. इन खाता योजनाओं के बारे में अधिक जानने के लिए या खाता खोलने के लिए यूनियन बैंक की किसी भी शाखा में संपर्क करें, या हमारी वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in देखें.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रकाशित :-
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली - 22892500; ई-मेल : gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021

Classification: Public